श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 126, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार, 12 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## देश में बारिश से बढ़ेगी ठंड, दिल्ली और यूपी-हरियाणा में बारिश की संभावना

**जम्मू कश्मीर हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी जारी। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों खासकर दिल्ली पंजाब और हरियाणा में बारिश होने की संभावना। यूपी बिहार सहित कई राज्यों में धुंध और कोहरे का भी असर है।**



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हो रही है जिसकी वजह से अगले एक दो दिन में मैदानी इलाकों में बारिश होगी, जिससे ठंड बढ़ने की संभावना हैं। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली, यूपी और हरियाणा में अगले कुछ घंटों में बारिश की संभावना है। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में कई स्थानों पर हल्की बारिश हो रही है।बताया जा रहा है कि कई राज्यों में अगले दो दिन में बारिश के आसार हैं। राजस्थान में 15 दिसंबर के बाद पारा 4 डिग्री तक गिरेगा। वहीं यूपी, बिहार में भी कोहरे का कहर जारी है। यहां भी 15-16 दिसंबर को बारिश के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक बिहार में कोहरे से फिलहाल राहत नहीं मिलेगी। मौसम विभाग की माने तो अगले दो घंटे में हरियाणा के हिसार, हांसी, तोशाम और जींद के आस-पास के इलाकों में गरज के साथ अगले 2 घंटे के दौरान बारिश हो सकती है। वहीं महेंद्रगढ़, फतेहाबाद, कैथल और दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के अलग-अलग स्थानों पर भी हल्की बारिश, बूंदाबांदी होगी।

भारत मौसम विभाग (आईएमडी) के भोपाल केन्द्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी पीके साहा ने शुक्रवार को बताया कि राज्य में हल्की बौछारों से अधिकतम तापमान में कमी आएगी। इसके अलावा, विशेष रुप से प्रदेश के उत्तरी भाग में सुबह कोहरा होने का अनुमान है। पश्चिम मध्यप्रदेश के भोपाल, उज्जैन और ग्वालियर संभागों के जिलों में पिछले 24 घंटों में हल्की बारिश हुई । उन्होंने बताया कि लगभग 13 दिसंबर तक हल्की बारिश हो सकती है। साहा ने कहा कि मध्यप्रदेश के बड़े हिस्से में दिसंबर के पहले 10 दिन असामान्य तौर पर गर्म रहे हैं। यहां अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहा। उन्होंने कहा कि बादल छाए रहने के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट आ सकती है।

**मुंबई और आस-पास के इलाकों में भी हल्की बारिश**

अरब सागर के ऊपर निम्न दबाव क्षेत्र बनने से मुंबई और इसके आसपास के इलाकों में शुक्रवार तड़के हल्की बारिश हुई। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दक्षिणपूर्व अरब सागर और इसके दक्षिण पश्चिम हिस्से में भी निम्म दबाव का क्षेत्र बना है, जिससे बादल छाए तथा आर्द्रता की वजह से क्षेत्र में हल्की बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने बताया कि मुबई के साथ पड़ोसी पालघर और ठाणे जिले में भी हल्की बारिश हुई। उन्होंने बताया कि रायगढ़ जिले समेत उत्तरी कोंकण में इस अवधि के दौरान बारिश हुई और मौजूदा स्थिति अगले दो दिन तक बने रहने के आसार हैं।

**दिल्ली में 14 दिसंबर से बढ़ जाएगी ठंड**

दिल्ली और उत्तरप्रदेश के कई इलाकों में हल्की बारिश के आसार हैं। इसके बाद 13 दिसंबर से कोहरा छाया रहेगा। 13 दिसंबर को हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा रहेगा, तो वहीं 14 व 15 दिसंबर को घना कोहरा छा सकता है। 14 दिसंबर से ठंडी हवाएं दिल्ली में आने लगेंगी, इससे अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आना शुरू हो जाएगा। 14 से 16 दिसंबर तक दिन में अच्छी खासी ठंड महसूस हो सकती है।

**लेह का तापमान शून्य से दस डिग्री नीचे लुढ़का**

जम्मू-कश्मीर में पश्चिमी विक्षोभ का दवाब बना हुआ और पूरे जम्मू-कश्मीर में बादलों और सूर्य के बीच लुकाछिपी का खेल जारी है। शाम तक बादल और घने होने की संभावना है तो कुछ स्थानों पर बारिश और हल्की बर्फबारी की भी संभावना बनी हुई है।जम्मू-कश्मीर में फिलहाल मौसम तो साफ है लेकिन मरम्मत कार्यों के चलते जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग आज बंद किया हुआ है। दिन भर मौसम शुष्क रहने के बाद श्रीनगर, काजीकुंड, पहलगाम, कुकरनाग, भद्रवाह आदि क्षेत्रों में रात को हल्की बूंदाबांदी हुई। पहलगाम और गुलमर्ग का रात का तामपान शून्य से नीचे रहा वहीं। लेह की रात सबसे ठंडी रात रही। न्यूनतम तापमान लुढ़क कर -10.0 डिग्री सेल्सियस तक आ गया।

**उत्तराखंड में केदारनाथ और बदरीनाथ समेत ऊंची चोटियों पर हिमपात**

उत्तराखंड में मौसम ने करवट बदली। आज केदारनाथ और बदरीनाथ समेत ऊंची चोटियों पर हिमपात हुआ। वहीं, मौसम विभाग ने इसको लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया हुआ है। इसके अलावा कहीं-कहीं आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। नवंबर के अंतिम सप्ताह में प्रदेश में अच्छी बर्फबारी देखने को मिली, लेकिन इसके बाद मौसम शुष्क बना हुआ है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में औसतन तीन से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक चल रहा है। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया शुक्रवार से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। ऐसे में ओलावृष्टि के साथ ही बारिश और बर्फबारी संभव है।

**बिहार में 15-16 को होगी बारिश, ठंड बढ़ेगी**

बिहार में अभी कोहरे से राहत नहीं मिलेगी। सुबह 10 बजे तक ज्यादातर जिलों में घना कोहरा छाएगा। 15-16 दिसंबर को हल्की बारिश के आसार हैं। इसके बाद ही आसमान साफ होगा और रात के तापमान में कमी आएगीऔर इसके बाद ठंड बढ़ जाएगी।

**राजस्थान में अभी ठंड कम**

दिसंबर के 10 दिन गुजर गए, लेकिन राजस्थान में दिन-रात का तापमान कम नहीं हो रहा है। मौसम वैज्ञानिकों ने दावा किया था कि ला-नीना के असर से इस बार जोरदार सर्दी पड़ेगी। अब एंटी साइक्लोन सिस्टम उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं को आगे बढ़ने से रोक रहा है, जिसकी वजह से पश्चिमी विक्षोभ पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पा रहे हैं और राज्य में अभी ठंड नहीं बढ़ी है।

**पंजाब में बारिश के बाद होगी शीतलहर**

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के कारण पंजाब के कई जिलों में अगले दो दिनों में बारिश होने की संभावना है।मौसम विभाग के मुताबिक पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, होशियारपुर और नवांशहर में बारिश हो सकती है, 13 और 14 दिसंबर को धुंध और शीतलहर की शुरूआत हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब में न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक ऊपर चल रहा है।

**हरियाणा में भी हो सकी है हल्की बारिश**

अगले दो दिनों में हरियाणा के कई इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद पहाड़ों से ठंडक मैदानों की ओर तेजी से बढ़ेगी। 13 और 14 दिसंबर को कई इलाकों में गहरी से गहरी धुंध छा सकती है, जबकि 17 दिसंबर के बाद कड़ाके की सर्दी शुरू हो सकती है।

**मौसम में बार-बार क्यों हो रहा बदलाव**

बार-बार बदलते मौसम के बीच इस बार सर्दी के भी कई रंग देखने को मिल रहे हैं। समूचे उत्तर भारत में कोहरा देखने को मिल रहा है। मगर मजबूत पश्चिमी विक्षोभ नहीं होने से दिल्ली एवं आसपास सर्दी में भी गर्मी का अहसास हो रहा है, जबकि बिहार में लोग कंपकंपाती ठंड महसूस कर रहे हैं। मौसम विभाग की मानें तो देश के अलग-अलग हिस्सों की भौगौलिक स्थिति के साथ ही सर्दी की रंगत में बदलाव की और भी कई वजह हैं। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली - एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर इत्यादि राज्यों में हिमालय के पहाड़ी क्षेत्रों में सक्रिय रहने वाले पश्चिमी विक्षोभ का काफी असर पड़ता है। मजबूत पश्चिमी विक्षोभ से पहाड़ों पर तेज बारिश और बर्फबारी ही नहीं होती, बल्कि उत्तर पश्चिमी हवा के साथ नमी और ठंडक भी इन राज्यों में पहुंचती है। लेकिन पश्चिमी विक्षोभ कमजोर हो या लगातार आते रहें तो फिर इनका असर कम हो जाता है। इसके विपरीत अगर पश्चिमी विक्षोभ रुक-रुककर आए तो खासा असर देखने को मिलता है। नवंबर में यही स्थिति रही तो ठंड भी अच्छी पड़ी, जबकि दिसंबर में ऐसा नहीं हो रहा है। ऐसे में सर्दी में भी गर्मी महसूस हो रही है।

## चीन छोड़ नोएडा आयी सैमसंग की डिस्प्ले यूनिट को विशेष प्रोत्साहन मंजूर



**लखनऊ, जेएनएन।** चीन को छोड़कर नोएडा में मोबाइल फोन और आइटी उत्पादों की डिस्प्ले यूनिट बनाने का कारखाना स्थापित कर रही मेसर्स सैमसंग डिस्प्ले नोएडा प्राइवेट लिमिटेड को शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में विशेष प्रोत्साहन मंजूर किए गए। कंपनी को उप्र इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति-2017 के तहत पूंजी उपादान, भूमि हस्तांतरण पर स्टांप ड्यूटी में छूट दी जाएगी। इन विशेष प्रोत्साहनों के कारण राज्य सरकार पर अगले पांच वर्षों के दौरान 250 करोड़ रुपये का वित्तीय भार आएगा। परियोजना को पूंजी उपादान के लिए केंद्र सरकार की 'स्कीम फॉर प्रमोशन ऑफ मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स एंड सेमीकंडक्टर्स' (स्पेक्स) के तहत मानकों के अनुसार स्थिर पूंजी निवेश में पुरानी मशीनों की लागत को भी अनुमन्य किया जाएगा। कंपनी को स्पेक्स के तहत भी लगभग 460 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन प्राप्त होगा। इस परियोजना में 1,510 लोगों को प्रत्यक्ष तथा बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। नोएडा को निर्यात हब की पहचान दिलाने के साथ यह परियोजना प्रदेश में अधिक प्रत्यक्ष पूंजी निवेश (एफडीआइ) लाने में सहायक होगी।

मेसर्स सैमसंग डिस्प्ले नोएडा प्राइवेट लिमिटेड की ओर से नोएडा फेज-2 में 4,825 करोड़ रुपये के निवेश से मोबाइल और आइटी डिस्प्ले उत्पादों की मैन्युफैक्क्क्षरग यूनिट स्थापित की जा रही है। भारत में 25 वर्ष पूरे कर चुकी दक्षिण कोरियाई कंपनी सैमसंग विश्व में टीवी, मोबाइल फोन, टैबलेट, घडियों आदि में इस्तेमाल किए जाने वाले कुल डिस्प्ले उत्पाद का 70 प्रतिशत से अधिक का निर्माण दक्षिण कोरिया, वियतनाम और चीन में करती है। सैमसंग की यह परियोजना देश में मोबाइल व आइटी डिस्प्ले उत्पादों के निर्माण की पहली इकाई है जो कि चीन से विस्थापित होकर उत्तर प्रदेश में स्थापित की जा रही है।

इस परियोजना की स्थापना से भारत ओलेड तकनीक से निर्मित मोबाइल डिस्प्ले बनाने वाला तीसरा देश बन जाएगा। डिस्प्ले इकाइयों का प्रस्तावित निवेश मूल उत्पाद का एक ज्यादा लागत वाला हाई टेक्नोलॉजी कंपोनेंट है। यह इकाई बीच की सप्लाई चेन की कड़ी को पूरा करने के लिए तथा भविष्य में प्रदेश में डिस्प्ले से संबंधित फैब इकाई की स्थापना के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

कंपनी को केस-टू-केस आधारित विशेष प्रोत्साहन देने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित सशक्त समिति ने सिफारिशें व सुझाव दिए थे। इन सुझावों पर विचार कर अपनी सिफारिशों को कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में तीन वरिष्ठ मंत्रियों की समिति गठित की थी। मंत्रियों की समिति की सिफारिशों के आधार पर कैबिनेट ने इस इकाई को विशेष प्रोत्साहन मंजूर किए हैं।

बीते वित्तीय वर्ष 2.7 बिलियन डॉलर का निर्यात करने वाला सैमसंग उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा निर्यातक है। सैमसंग समूह ने अगले पांच वर्षों में कुल 50 बिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य रखा है।

## रेलवे के डेढ़ लाख पदों के लिए ढाई करोड़ देंगे परीक्षा भर्ती प्रक्रिया 15 दिसंबर से हो रही शुरू



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कोरोना संकट के बीच भारतीय रेलवे ने अपनी रुकी हुई भर्ती प्रक्रिया को फिर से शुरू करने का फैसला किया है। रेलवे के खाली लगभग डेढ़ लाख पदों को भरने के लिए तकरीबन ढाई करोड़ लोग परीक्षा देंगे। आवेदकों को बीते दो वर्षों से इस समय का इंतजार था। परीक्षा का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा जबकि पहले चरण की ऑन लाइन परीक्षा 15 दिसंबर को होगी। अधिकारियों की मानें तो भारतीय रेलवे ने इस बाबत अपनी तैयारियां पूरी कर ली है।

रेलवे बोर्ड के मानव संसाधन निदेशक आनंद के. खाती ने बताया कि भर्ती की परीक्षा तीन चरणों में होगी। पहले चरण की परीक्षा 15 दिसंबर से 18 दिसंबर के बीच चलेगी जिसके लिए ई-कॉल लेटर 11 दिसंबर की शाम चार बजे से डाउनलोड किया जाने लगा है। इसमें आइसोलेटेड एंड मिनिस्टीरियल कटगरी के स्टेनोग्राफर, शिक्षकों और अनुवादकों के 1663 पदों के लिए 1.03 लाख परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इनके लिए कुल 354 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

दूसरे चरण की परीक्षा 28 दिसंबर से मार्च के मध्य तक चलेगी। इसमें कुल 35208 पदों के लिए 1.26 करोड़ लोगों ने आवेदन किया है। इसमें स्टेशन मास्टर, गार्ड, आफिस क्लर्क और कामर्शियल क्लर्क के पद हैं जबकि तीसरे चरण में ट्रैक मेंटेनर्स, प्वाइंट्समैन और लेवल वन के कर्मचारियों के लिए परीक्षा होगी। इस वर्ग में कुल 1.04 लाख पद हैं। इसके लिए 1.15 करोड़ लोगों ने आवेदन किया है। इसकी परीक्षा उक्त दोनों वर्गों की परीक्षा खत?म होने के बाद कराई जाएगी। रेलवे के मुताबिक यह परीक्षा सामान्य तौर पर अप्रैल में कराए जाने की संभावना है।

परीक्षा के दौरान कोरोना प्रोटोकाल का पूरा पालन किया जाएगा। परीक्षा की तैयारियों के बारे में सभी राज्य सरकारों के मुख्य सचिवों को जानकारी दे दी गई है। परीक्षार्थियों के आने जाने के लिए सभी मंडलों के रेलवे अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। जरूरत पड़ने पर विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। एक सवाल के जवाब में खाती ने कहा कि असिस्टेंट लोको पायलट के लिए 26,666 और टेक्निकल वर्ग में 28900 चयनित अभ्यर्थियों को हर हाल में अगस्त 2021 तक ज्वाइन करा लिया जाएगा। विलंब की वजह प्रशिक्षण की सीमित व्यवस्था होनी तय है।

## किसानों का आंदोलन हो सकता है और तेज, जानें-हाईवे बाधित होने समेत और क्या हो सकती है दिक्कत

**किसानों ने कल से हाईवे बंद करने की घोषणा की है। साथ ही रेलवे ट्रैक बाधित करने की भी घोषणा की है कुछ कंपनियों की फैक्ट्री बाधित करने की भी बात कही है। किसान संगठनों ने दिल्ली से सटे तमाम बॉर्डर को सील करने की चेतावनी जारी की है।**



**नई दिल्ली, ऑनलाइन डेस्क।** सरकार और किसानों के बीच अब तक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। सभी बातचीत बेनतीजा रही है। ऐसे में किसानों ने आंदोलन और तेज करने की धमकी दी है। इससे कल यानी 12 दिसंबर से लोगों की दिक्कत और बढ़ सकती है। वार्ता के लिए फिलहाल कोई अगली तारीख तय नहीं की गई है। सरकार को अपने प्रस्तावों पर किसान संगठनों के जवाब का इंतजार है। सरकार जहां कृषि कानूनों को वापस नहीं लेने की बात कही है, वहीं किसान कृषि कानून को रद्द किए जाने की मांग पर अडिग हैं। ऐसे में किसानों ने आंदोलन को और तेज करने की रूपरेखा भी तय कर ली है। इसके तहत किसानों ने कल से हाईवे बंद करने की घोषणा की है। साथ ही रेलवे ट्रैक बाधित करने की भी घोषणा की गई है, कुछ कंपनियों की फैक्ट्री बाधित करने की भी बात कही गई है। किसान संगठनों और संस्थाओं ने दिल्ली से सटे तमाम बॉर्डर को सील करने की चेतावनी जारी की है।

सरकार पर और दबाव बनाने के लिए किसान अब दिल्ली-जयपुर हाईवे और दिल्ली-आगरा बॉर्डर को रोकने की कोशिश करेंगे। किसानों ने घोषणा की है कि 12 दिसंबर से दिल्ली जयपुर हाईवे और दिल्ली आगरा हाईवे को भी जाम किया जाएगा। किसानों ने 12 दिसंबर को देशभर के सभी टोल नाकों को भी टोल फ्री करने का एलान किया है। किसान संगठन हाईवे को जाम कर सरकार पर दबाव बनाना चाहते हैं। यदि देशभर के सभी टोल प्लाजा एक दिन के लिए भी मुक?त रहता है या उन पर आवाजाही बंद रहती है तो इससे सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान हो सकता है।

आगे की रणनीति के तहत किसानों ने 14 दिसंबर से जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी और सरकारी कार्यालयों को घेरने का भी प्लान बनाया है। किसानों की रणनीति का मकसद है कि केंद्र किसानों की तीनों कृषि कानून रद्द करने की मांगों को जल्द मानें।

**ये है किसानों की रणनीति**

- 12 दिसंबर को दिल्ली-जयपुर और दिल्ली-आगरा हाईवे को रोका जाएगा
- 12 दिसंबर को देश भर के सभी टोल प्लाजा फ्री होंगे
- देशभर के रेलवे ट्रैक बाधित करने की चेतावनी
- 14 दिसंबर को देशभर में धरना-प्रदर्शन होगा
- 14 दिसंबर को हर जिले के मुख्यालय का घेराव होगा
- 14 दिसंबर को भाजपा ऑफिस का घेराव होगा
- दिल्ली की सड़कों को करेंगे जाम
- निजी कंपनियों के उत्पादों का बहिष्कार करने की घोषणा।

## कोरोना वैक्सीन लोगों तक पहुंचाने केंद्र के निर्देश पर राज्य कर रहे हैं तैयारियां



**नई दिल्ली, एजेंसियां/जेएनएन।** केंद्र सरकार ने कोविड टीकाकरण के लिए राज्यों से तैयारियां करने को कहा है। पंजाब के स्वास्थ्य सचिव हुसैन लाल ने भी आज अपने राज्य टीकाकरण से जुड़ी तैयारियों के बारे में बताया। टीकाकरण के लिए डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। समाचार एजेंसी आइएएनएस के मुताबिक, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने होमगार्ड्स, सिविल डिफेंस और फायर सर्विस के डायरेक्टर जनरलों से कोविड टीकाकरण से संबंधित कार्यों को लेकर बल के कर्मियों का डेटा तैयार करने को कहा है।

कोरोना वैक्सीन के लिए सबसे पहले जरूरत रेफ्रीजरेशन और कोल्ड चेन स्थापित करने को लेकर होती है। वैक्सीन को बेहद कम तापमान पर रखना जरूरी होता है अन्यथा यह खराब हो जाती है। खासकर फाइजर की वैक्सीन के लिए -70 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान पर अल्ट्रा डीप फ्रीजर में रखना जरूरी होता है। भारत जैसे बड़े देश में टीकाकरण को लेकर रेफ्रीजरेशन यानी कूलिंग एक बड़ी समस्या भी है। हालांकि पोलियो उन्मूलन अभियान में भारत ने टीकाकरण की तैयारियों ने ऐसी समस्याओं पर विजय पाई है।

गौतमबुद्ध नगर के सीएमओ डॉ. दीपक ओहरी की मानें तो कोरोना वैक्सीन लगाने का न्यूनतम समय कम से कम 30 मिनट रखा जाएगा। पहली प्रक्रिया में व्यक्ति की पहचान की होगी जिसमें उसे पहचान पत्र दिखाना होगा। दूसरी प्रक्रिया में वैक्सीन लगाई जाएगी। तीसरी प्रक्रिया के तहत वैक्सीन के साइड इफेक्ट की निगरानी होगी। इसमें टीका लगवाने वाले शख्स का लगभग आधे घंटे तक अवलोकन किया जाएगा। हाल ही में पीएम मोदी ने कहा था कि कुछ ही हफ्तों में कोरोना वैक्सीन टीकाकरण के लिए तैयार हो सकती है। इसे देखते हुए राज्यों के साथ साथ हवाई अड्डों ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। खासकर दिल्ली और हैदराबाद के हवाई अड्डे भी इसकी ढुलाई में अहम भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। दिल्ली हवाई अड्डे पर दो विश्वस्तरीय कार्गो टर्मिनल हैं जहां -20 डिग्री से लेकर 25 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में रखने के लिए विशेष चैंबर बने हुए हैं। यानी दिल्ली हवाई अड्डा वैक्सीन वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तैयार है। अब रही बात हैदराबाद हवाई अड्डे की तो यह वैक्सीन उत्पादन क्षेत्र में मौजूद है। तापमान के प्रति संवेदनशील दवाओं और वैक्सीन के भंडारण और वितरण में इसकी भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सबसे बड़ी बात यह कि यहां सामान की पार्किंग टर्मिनल से महज 50 मीटर दूर है। इससे सामान को जल्द विमान में पहुंचाया जा सकता है। पंजाब के स्वास्थ्य सचिव हुसैल लाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने टीकाकरण प्रोग्राम के लिए हमें निर्देश दिए थे। हमने सभी तैयारियों कर ली हैं। टीकाकरण में बुनियादी जरूरत कोल्ड चेन की होती है।

## 1,100 करोड़ के हवाला घोटाले में ईडी ने की एक और गिरफ्तारी




**नई दिल्ली, आइएएनएस।** प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने 1,100 करोड़ रुपये के ऑनलाइन सट्टा तथा अंतरराष्ट्रीय हवाला घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग के मामले में क्रिप्टोकरेंसी के कारोबारी नैसर कोठारी को गिरफ्तार कर लिया है। विशेष पीएमएलए अदालत ने उसे 10 दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। वहीं केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआइ ने गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक में शुक्रवार को सात जगहों पर छापेमारी की। समाचार एजेंसी आइएएनएस के मुताबिक, यह कदम बैंक जालसाजी के दो मामलों में उठाया गया है।

क्रिप्टोकरेंसी के कारोबारी नैसर कोठारी पर शिकंजा कसे जाने के मामले में कहा जा रहा है कि ईडी ने हैदराबाद सीसीएस पुलिस की एफआइआर को आधार बनाकर केस की छानबीन की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, सट्टा एप पर निवेश कर अपने पैसे गंवाने वाले एक व्यक्ति की शिकायत पर हैदराबाद सीसीएस पुलिस द्वारा दर्ज एफआइआर के आधार पर ईडी ने लिंकयुन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और डॉकीपे प्राइवेट लिमिटेड व अन्य के खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया था। एजेंसी ने छानबीन में पाया कि चीनी लोगों की ये कंपनियां अंतरराष्ट्रीय हवाला तथा गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त हैं। इस मामले में इससे पहले एक चीनी नागरिक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और उनके खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में एक आरोपपत्र भी दाखिल कर दिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि आगे की जांच में पता चला कि बहुत बड़ी रकम भावनगर स्थित क्रिप्टोकरेंसी कारोबारियों को बेवजह ही ट्रांसफर की गई।

इसी क्रम में उजागर हुआ कि कोठारी ने आरोपित कंपनियों की ओर से यूएसडीटी क्रिप्टोकरेंसी की खरीदी की और उन्हें विदेशी मुद्रा के रूप में अज्ञात वालेट में भेज दिया। वहीं दूसरी ओर बैंक जालसाजी के दो अन?य मामलों में सीबीआइ ने गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक में शुक्रवार को सात जगहों पर छापेमारी की। सीबीआइ के एक अधिकारी ने कहा कि एजेंसी ने गुजरात के अहमदाबाद और आणंद में चार जगहों पर तलाशी ली।

इनमें सायोना कलर्स प्राइवेट लिमिटेड और इसके प्रबंध निदेशक परेश दयालभाई पटेल, शाम्रोक केमिए प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय और आवासीय परिसर शामिल हैं। यह कार्रवाई स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ 71.88 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के संबंध में की गई है। सीबीआइ ने एसबीआइ की शिकायत पर सात दिसंबर को मामला दर्ज किया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ 57.28 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में भी सीबीआइ ने अहमदाबाद, मुंबई और बेंगलुरु में तीन जगहों पर छापेमारी की। सीबीआइ ने इस संबंध में मामला दो दिसंबर को दर्ज किया था।

# ग्रामीण अंचल

प्रयागराज शनिवार, 12 दिसम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### युवा ही देश का उद्धार कर सकता है : सुरेंद्र सिंह

**करमा।** घूरपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कें नेतृत्व में नैनी स्थित ओमेगा सिटी में एक युवा परिचर्चा एवम संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य समाज जन्मदिन, तेरहवीं इत्यादि अवसरों पर हों आर्थिक अपव्यय को रोकना था कार्यक्रम को सम्बोधित करतें हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष घूरपुर श्री सुरेंद्र नें कहा कि विभिन्न अवसरों पर विभिन्न सामाजिक समारोह इत्यादि हों रहें धन अपव्यय को रोककर उसी पैसे को शिक्षा इत्यादि क्षेत्रों में व्यय करें ।संगोष्ठी को सम्बोधित करतें हुए वरिष्ठ सपा नेता डा. देवी सिंह उपस्थित युवाओं से समाज एवम राष्ट्र की प्रगति हेतु नशा, बुरी व्यसनों से दूर रहने का आग्रह किये। इस अवसर पर युवा समाजसेवी मनोज कुमार पटेल नें भी परिचर्चा में बतौर मुख्य वक्ता सम्बोधित करतें हुए युवाओं में आदर्श चरित्र एवम उत्तम स्वास्थ्य को श्रेयस्कर बताते हुए विभिन्न बिन्दुओं कें माध्यम से लोगों को जागरूक किये। उक्त अवसर पर श्याम कृष्णपटेल, पवन पटेल, आकाश पटेल, अरविंद पटेल, भूपेंद्र पटेल, अनुज पटेल, रवि पटेल, सोनू पटेल अकेला इत्यादि लोग मौजूद रहें।

## बस के पहिया की चपेट में आने से दूल्हे के चाचा की मौत

**मऊआइमा।** भदोही से बस्ती के लिए बारात जाते समय बस टोल प्लाजा पर रुकी। बस से उतर कर लघुसंका करने दुल्हा का चाचा उतरा और फिर चलती बस में चढ़ना चाहा कि अचानक बस के पहिया के नीचे आने से दूल्हे के चाचा की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । इस दर्दनाक हादसे से बारातियों में अफरा तफरी मची हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भदोही के कोरोनवा गांव निवासी किसन कुमार दुबे पुत्र गिरजा शंकर की बारात बस से बस्ती जा रही थी। जिसमें दुल्हे का चाचा कपूर चन्द्र दुबे 65 वर्ष पुत्र बद्री प्रसाद भी बस में बैठ कर भतीजे की बारात जा रहे थे। बताते हैं कि. शुक्रवार को शाम चार बजे बारातियों से भरी बस जैसे मऊआइमा के रामफल इनारी टोल प्लाजा पर पहुंच कर टोकन कटवाने लगी। बताते हैं कि इतने में दूल्हे के चाचा कपूर चन्द्र दुबे 65 वर्ष लघुसंका करने उतर गए। जैसे बस चली वह दौड़ कर चढना चाहे। बताते हैं कि पैर फिसल जाने से वह बस के पहिए के नीचे आ गये। जिनके सिर पर बस का पहिया चढ गया और कपूर चन्द्र दुबे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जिससे बारातियो में अफरा तफरी मच गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा बारातियों की बस को पुलिस खडा करा ली है। दूल्हे के चाचा कपूर चंन्द्र दुबे की मौत पर खुशी का माहौल मातम में बदल गया है। परिवार के अन्य सदस्यों का रो रो कर बुरा हाल है।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**फूलपुर।** अस्पताल में भर्ती रिस्तेदार को देखने जा रहे बाइकसवार दंपति को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के भवानीपुर गांव निवासी राम बबुल बिंद अपनी पत्नी अनीता के साथ शुक्रवार को फूलपुर में भर्ती कुतुबपुर गांव निवासी अपने रिस्तेदार राममूरत को देखने जा रहा था। अभी वह फूलपुर नहर के पास ही पहुंचा था की जौनपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल दंपति को नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है।

## मीटर की जांच करने पहुंचे जे0ई0 से मारपीट मुकदमा दर्ज

**करछना।** क्षेत्र के फत्तेपुर गांव मे शुक्रवार सुबह जे0ई0 धीरज बंसल विद्युत कर्मियों के साथ मीटर की जांच करने पहुंचे थे उसी दौरान उपभोक्ता से कहा सुनी होने लगी और इसी कहा सुनी में जे0ई0 के साथ हाथापाई व मारपीट भी हुई। जिसको लेकर जे0ई0 ने करछना थाने मे आरोपी समर सिंह पुत्र स्व0 रामचन्द्र के खिलाफ तहरीर दी जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल मे जुटी है। जे0ई0 का आरोप है कि उक्त व्यक्ति 1 कि0वाट का कनेक्शन लिया है और 3 कि0 वाट विद्युत का उपभोग कर रहा है। जांच के दौरान उपभोक्ता के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही गई तो उक्त व्यक्ति आक्रोशित होकर मार पीट करने लगे और धमकी दी कि यदि दुबारा यहां दिखाई पड़े तो ठीक नहीं होगा। वहीं दूसरी ओर उपभोक्ता समर सिंह ने भी जे0ई0 के खिलाफ अभ्रता का आरोप लगाते हुए आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराई है। उक्त घटना को लेकर विद्युत कर्मियों मे गहरी नाराजगी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल मे जुटी है और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही है।



नवीन पुलिस चौकी के लिए भूमिपूजन करते थानाध्यक्ष शंकरगढ़ व उपस्थित क्षेत्रीय गणमान्य लोग

## भड़िवार में नवीन पुलिस चौकी के लिए हुआ भूमिपूजन

**शंकरगढ़।** यमुनापार एरिया के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार को नवीन पुलिस चौकी के लिए भूमिपूजन किया गया। यह पुलिस चौकी शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के तराई अंचल के बॉर्डर पर स्थित भड़िवार गांव में बनाई जाएगी। इस चौकी के बन जाने से क्षेत्रीय लोगों के साथ-साथ पुलिस को भी काफी सहूलियत होगी। शुक्रवार को भड़िवार गांव में पुलिस चौकी बनाने के लिए भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन का कार्य शंकरगढ़ थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में हुआ। इस पुलिस चौकी की स्थापना के लिए क्षेत्रीय के लोगों ने जिले के कप्तान सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी का आभार प्रकट किया है। थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय के द्वारा पुलिस चौकी का भूमिपूजन किए जाने से क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर है। भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम प्रधान डॉ हृदय राज सिंह उर्फ डॉ नाती, दिलीप सिंह, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, सोमनाथ वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय टोडरपुर में विद्यालय प्रबंध समिति का गठन संपन्न



बैठक में उपस्थित ग्रामीण महिलाएं




बैठक में शामिल ग्राम प्रधान व विद्यालय स्टाफ

**हंडिया।** हंडिया ब्लाक के अंतर्गत आने वाले टोडरपुर गांव में विद्यालय प्रबंध समिति का बैठक किया गया था। बैठक में मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी राजमणि के द्वारा किया गया। यह बैठक शुक्रवार को 11 बजे प्राथमिक विद्यालय टोडरपुर में किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में गांव के तमाम महिलाएं सम्मिलित हुए। बैठक में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिव शंकर एवं समस्त विद्यालय स्टाफ एवं उपस्थित अभिभावकों द्वारा प्राथमिक विद्यालय टोडरपुर हंडिया प्रयागराज में विद्यालय प्रबंध समिति का चयन किया गया।

### विद्यालय प्रबंध समिति का हुआ गठन

**शंकरगढ़।** प्राथमिक विद्यालय हड़ही में नवीन विद्यालय प्रबंध समिति का गठन किया गया। विभागीय आदेश के अनुपालन में विद्यालय प्रबंध समिति के गठन के लिए खुली बैठक बुलाई गई। जिसमे अध्यक्ष - उपाध्यक्ष सहित कुल ग्यारह सदस्यों को चुना गया । जिसमे सविता देवी को अध्यक्ष व पप्पू लाल को उपाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान बैठक में नोडल अधिकारी /ग्राम पंचायत अधिकारी राजेन्द्र मौर्य, ग्राम प्रधान शांति देवी, इंचार्ज प्रधानाध्यापिका नीलम सिंह, पूनम जायसवाल (स.अ.), गरुण सिंह (स.अ) और छात्रों के माता पिता तथा अन्य अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## डॉ0 अशोक मिश्र नीमा के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

**डॉ0 एस0के0राय जिलाध्यक्ष व डॉ0आरिज कादरी जिला कोआर्डिनेटर बने**

**कोरांव।** नीमा कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से डॉ अशोक मिश्रा को नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन प्रयागराज का जिला उपाध्यक्ष सहर्ष मनोनीत किया गया जिससे यमुनापार के चिकित्सकों में हर्ष की लहर है। लोगों ने आशा की है कि डॉ अशोक मिश्रा के जिला उपाध्यक्ष नीमा नियुक्त होने से संगठन को अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। उक्त जानकारी डॉ डीके श्रीवास्तव एवं डॉ अरविंद मिश्रा ने दी। डॉ एसके राय को जिला अध्यक्ष व डॉ आरिज कादरी को जिला कोऑर्डिनेटर बनाया गया ।विधायक आरके वर्मा जी को पैटर्न मनोनीत किया गया।

## घर की सिटकनी काट कर चोरों ने हजारों के माल पर किया हाथ साफ

**मऊआइमा।** बंद पडे दो मकानों के घरों की सिटकनी काट कर चोर ताम्बा पीतल के बर्तनों तथा नगदी सहित हजारों की चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकफात्मा उर्फ पूरे माधोपुर (नई बाजार) निवासी विमल चन्द्र पांडेय पुत्र राम चरण और सूर्यप्रकाश पांडेय पुत्र आदित्य प्रसाद पांडेय प्रयागराज शहर में रोजीरोटी के सिलसिले में रहते हैं तथा घर में ताला बंद रहता है। बताया गया है कि खेती किसानी देखने दोनों बराबर आते रहते हैं। बताया गया है कि बंद पडे दोनों मकानों की घर की सिटकनी काट कर चोर घर में दाखिल हो गए और संदूकों का ताला तोड़कर उसमें रखे कीमती कपडे ,ताम्बा पीतल के बर्तनों सहित हजारों



रुपए नगदी चोर चोरी कर ले गए। सूचना पर विमल चन्द्र पांडेय और सूर्य प्रकाश पांडेय घर आए और देखे की दोनों के घरों का सिटकनी कटी हुई है एंव सारा सामान बिखरा हुआ है। तथा इसकी सूचना पुलिस को दिए। तथा अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पडताल कर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है ।

## 14 पीर की मजार पर चढ़ाए 11 सौ किलो गुलाब

**प्रयागराज।** ईद-ए-गौसिया महीने के आखिरी गुरुवार को 14 पीर की मजार पर 11 सौ किलो गुलाब के फूल चढ़ाए गए। मजार का प्रांगण गुलाब की सुगंध से महकता रहा। कोविड-19 की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यक्रम किए गए। सबसे पहले मजार का गुस्ल कराया गया, उसके बाद गुलाब के फूलों से मजार ढक दिया गया। महफिले पाक का आयोजन किया गया जिसमें दरुदख्वानी हुई। सूफी सुलतान मियां ने सभी को मुबारकबाद दी। इस मौके पर सागर इलाहाबादी, नदीम अहमद, मोहम्मद अहमद, आरिफ अहमद आदि मौजूद रहे।

## आयुष चिकित्सकों ने किया नि:शुल्क इलाज

**कोरांव।** आईएमए के हड़ताल के विरुद्ध आयुष चिकित्सकों ने गुलाबी रंग की पट्टी बांधकर सभी मरीजों का सुचार रूप से निर्बाध चिकित्सा प्रदान कर ग्रामीण क्षेत्र में जहां एलोपैथिक चिकित्सक के सराहनीय अनुपस्थित रहती है ।वही आयुष चिकित्सकों ने सभी मरीजों का सुचारू रूप से सेवा प्रदान की आयुष चिकित्सकों ने चिकित्सा में सर्जरी का अधिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए स्वर्णिम फैसले का स्वागत करते हुए जहां आयुर्वेद चिकित्सक की कार को सर्व सुलभचिकित्सा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं इस निर्णय को हृदय से सम्मान करते हुए समाज केअंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति की सर्व सुलभ चिकित्सा सुनिश्चित की जाएगी । इस उद्देश्य को लेते हुए जहां आयुष चिकित्सकों में हर्ष एवं उल्लास का माहौल दिख रहा है वहीं एक दूसरा तबका में काफी नाराजगी दिख रही है। जो हास्यास्पद है। क्योंकि दोनों की पढ़ाई में कोई विशेष अंतर नहीं होता है टेक्निक टेक्निक किसी की गुलाम नहीं होती है समय-समय पर टेक्नोलॉजी की उपयोगिता बढ़ती चली जाती है। जिससे चिकित्सा कार्य करने में आसानी होती है सर्जरी आयुर्वेद का एक अंग है। जिसको सरकार ने समय रहते अपनी परंपरागत पैथी को आगे बढ़ाने के लिए योग्य निर्णय लिया है जिससे आम जनमानस को राहत मिलेगी। एवं सर्व सुलभ एवं सस्ती चिकित्सा सभी को सुचारू रूप से उपलब्ध हो सकेगी सर्जरी का अधिकार आयुर्वेद में हजारों वर्ष पहले ही विकसित हो गया था आज के भी समय में सर्जरी के पिता आचार्य सुश्रुत को सभी ने एकमत से स्वीकार किया है। सभी चिकित्सकों मैं अपने अपने क्लीनिक अस्पताल पर निशुल्क ओपीडी प्रदान की इस सब के लिए डॉ अशोक मिश्रा ने सभी को धन्यवाद दिया।

## कोहरे का फायदा उठाकर चोरों ने खड़ी ट्रक का टायर खोले गए

**सहसों।** थाना सराय इनायत के सहसों चौकी क्षेत्र के कसेरूआ गांव स्थित भारत पैट्रोलियम पर बीती रात खड़ी ट्रक की पिछले पहिए के एक जोड़ी टायर चोर खोले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक चालक विजय बहादुर पाल पुत्र राम कुमार पाल निवासी मलावां बुजुर्ग थाना झूसी ने बताया कि घना कोहरा होने के कारण अपनी ट्रक को नौ दिसंबर की रात को भारत पैट्रोलियम कसेरूआ पर खड़ी कर-के आराम करने लगा द्य काफी शरीर में थकान होने के कारण वह गहरी निंद्रा में सो गया द्य चोरों ने घना कोहरा का मौका देख कर कोहरे की धुंध में अज्ञात चोरों ने ट्रक के पिछले पहिए के एक जोड़ी टायर को खोले गए द्य सुबह नींद खुलने पर घटना की जानकारी हुई तो उक्त ट्रक चालक अचंभित रह गया और आसपास के लोगों को बुला कर दिखाने लगा द्य चालक विजय बहादुर पाल ने घटना की उचित कार्यवाही के लिए सम्बन्धित थाने में जाकर इसकी लिखित तहरीर दे दी है।

## समाजवादी पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता हैं अन्नदाता के साथ : नरेंद्र सिंह

**किसान यात्रा के चौथे दिन सपा नेता नरेन्द्र सिंह ने किसानों से मिलकर दिया अखिलेश यादव का सन्देश**

**सिरसा।** विधानसभा मेजा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर भाजपा सरकार की कृषि नीतियों के विरोध में और किसानों के आंदोलन के समर्थन में सपा के पूर्व प्रदेश सचिव वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आज तिग्जा, खौर, बरसैता आदि गाँवों मे पार्टी कार्यकर्ताओं संग दर्जनों किसानों और युवाओं को साथ लेकर समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद, मुलायम सिंह यादव जिंदाबाद, अखिलेश यादव जिंदाबाद, जय जवान जय किसान,अन्नदाता हैं किसान। किसानों की आय बढ़ाओ। खेती किसानी बचाओ, किसान बिल काला कानून वापस लो, केंद्र सरकार मुर्दाबाद आदि नारे लगाते हुए 'किसान सम्मान पदयात्रा'



भाजपा सरकार की कृषि नीतियों के विरोध मे किसान सम्मान पद यात्रा निकालते सपा नेता व अन्य

निकाली गाँव मे खेती से जुड़े लोगों को भाजपा सरकार की कृषि नीतियों के चलते किसानों, गरीबों, कमजोर वर्ग के लोगों को भविष्य में होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया गया। 'किसान सम्मान पदयात्रा' तिग्जा, खौर होते हुए बरसैता मे समापन किया गय। ग्रामीणों एवं किसानों और युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

यात्रा की समाप्ति पर सपा नेता नरेंद्र सिंह ने अपने भाषण में कहा कि भाजपा शासन में सर्वाधिक किसानों, गरीबों, कमजोर वर्ग के लोगों को आर्थिक चोट मिली है ' किसानों की आय दुगुना करने के नाम पर उन्हें छला गया है। आज किसान अपनी धान और गेहूं की लागत मूल्य नहीं पा रहा है। क्रय केन्द्रों पर दलालों के बोलबाला के चलते बिचौलियों के हाथों औने पौने दाम पर बेचने को मजबूर किसान हताश और निराश है । श्री सिंह ने कहा कि यह यात्रा किसानों के आंदोलन के समर्थन में लगातार चलती रहेगी। यदि पुलिस और प्रशासन सपा नेताओं और कार्यकताओं को अनावश्यक रोंकने की हिमाकत करेगा तो सड़क सपामय हो जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

पदयात्रा मे मुख्य रूप से श्री भोला पाल, पारस निषाद, अशर्फी पाल, अरविंद यादव, डाक्टर सुरेन्द्र यादव, राम नाथ पाल, राज करन पाल, बैजनाथ पाल, लवकुश यादव, पन्नालाल, सूबालाल, सन्तोष पाल, हरिशंकर, मोहम्मद शाहा, निराला पाल, छक्कन निषाद, लालमनि निषाद, चिन्तामणि पाल, शराहुल, कृष्ण कुमार, सुनील, मुकेश, मुन्ना लाल, शेर बहादुर, सुरेश सहित दर्जनो लोग रहे।

## नहीं आया पानी, पिछड़ जाएगी खेती और प्रभावित होगा उत्पादन

**शंकरगढ़।** नहरों में पानी नहीं छोड़े जाने से रबी की बुवाई पिछड़ रही है। समय से बुवाई न कर पाने के कारण किसान काफी परेशान हैं। यदि शीघ्र ही नहरों में पानी नहीं छोड़ा गया तो गेहूं सहित चना, मटर, सरसो सहित अन्य फसलों की बुवाई पीछे हो जाएगी और इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा। पानी नहीं मिलने की समस्या से क्षेत्रीय किसान काफी परेशान हैं और जिला प्रशासन के साथ ही सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

गौरतलब है कि 'पत्थरों के गढ़' शंकरगढ क्षेत्र में सिंचाई का प्रमुख साधन नहर ही है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में सिंचाई का प्रमुख साधन टोंस पंप नहर व यमुना पंप कैनाल है। दोनों नहरें बिगत बीस अक्टूबर से सिल्ट की सफाई के लिए बंद कर दी गई थी। आज डेढ़ माह से ज्यादा का समय हो गया है, लेकिन नहरों में पानी नहीं छोड़ा गया। इस समय धान की कटाई समापन की ओर है। किसान विजय सिंह, गया प्रसाद सिंह, दिलीप सिंह, नारायण सिंह, सुरेंद्र सिंह, लाल सिंह आदि किसानों ने बताया कि धान तो कट गई है लेकिन खेत सूख चुका है। बिना पलेवा किए खेत की बुवाई संभव नहीं है। किसानों के अनुसार यदि जल्द बुवाई नहीं होती तो देर से बुवाई होने पर पैदावार प्रभावित होगी।

यही नहीं कुछ किसान किसी तरह पानी की ब्यवस्था कर गेहूं की बुवाई तो कर लिए हैं, लेकिन अब पहली सिंचाई के अभाव फसल पीली पड़ रही है। जिसका प्रभाव पैदावार पर पड़ेगा। किसान नेता सुरेन्द्र सिंह ने कहा जब किसानों को फसल की सिंचाई के लिए पानी की जरूरत पड़ती है तो नहर पहले ही बन्द हो जाती है । अब इस समय किसानों को पानी की बहुत जरूरत है परंतु नहर विभाग सिल्ट की



पानी न छोड़े जाने से सूखी नहर

सफाई के नाम पर नहर बन्द कर दिया । उन्होंने कहा कि यदि टोंस और बाघला नहर में पानी शीघ्र नहीं छोड़ा गया तो क्षेत्र के किसान आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। ओसा गांव के गया प्रसाद सिंह ने ऑनलाइन शिकायत करके नहर में पानी छोड़ जाने के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। वहीं कुछ किसानों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नहरों में शीघ्र पानी छोड़ने की मांग की है।

## मेजा में सपाइयों का किसान सम्मान पद यात्रा पाचवें दिन जारी रहा

**सिरसा/मेजा।** मेजा विधानसभा में किसान विरोधी बिल के विरोध में लगातार पांचवें दिन विधान सभा मेजा मे विधानसभा सभा अध्यक्ष श्याम कृष्ण सिंह पप्पू यादव चेयरमैन नगरपंचायत सिरसा के नेतृत्व मे किसान सम्मान यात्रा जारी रहा विधान सभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी श्याम कृष्ण सिंह ₹पप्पू यादव ₹ ने कहा कि जब तक सरकार किसान विरोधी बिल वापस नही लेती तब तक किसानों के समर्थन में समाजवादी द्वारा किसान सम्मान यात्रा जारी रहेगी । यात्रा अमिलहवा चौराहे से शुरू हो कर बजहा, डोरवा, रामनगर बाजार, चिरैया मोड़, होते हुये सोनार का तारा मे सभा के रुप मे समाप्त हुआ। किसान सम्मान यात्रा मे मुख्य रूप से आलोक शुक्ला, रचित कुमार विश्वकर्मा नेता जी, अरविन्द कुमार यादव प्रधान जी, दीपू सिंह, दिनेश निषाद सभासद, संतोष कुमार विश्वकर्मा एडोकेट, रंग नाथ सिंह



किसान सम्मान पद यात्रा में शामिल सपाई व अन्य

यादव, देवराज पटेल, अंकित यादव प्रधान, विजय राज यादव, नीरज सिंह यादव, कपूर यादव, ईश्वर चन्द धनगर अधिवक्तता, रतन कुमार केशरी, दिवाकर सिंह यादव अधिवक्तता, किशन केशरी, अभिषेक कुमार सिंह (अंशु), मनीष कुमार मिश्रा (मोनू), पंचुराम निषाद, महेश राज यादव, शिव कैलाश यादव, काशी नरेश यादव, विमल यादव, अरविन्द कुमार, प्रदीप पाल, बबलू कुशवाहा, लवकुश यादव, संदीप यादव, राजाबाबु, डब्बू सोनकर, बल्लू सोनकर, सोनू यादव आदी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता किसान सम्मान यात्रा में शामिल रहे।

# मण्डलायुक्त ने राजस्व वसूली में तेजी लाये जाने के दिये निर्देश

## संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं

### मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में राजस्व वसूली एवं विकास कार्यों की प्रगति के सम्बंध में मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राजस्व विभागों के राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अभियान चलाकर राजस्व वसूली में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। आबकारी विभाग के राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सभी जिला आबकारी अधिकारियों को नियमित रूप से दुकानों से नमूना लेकर जांच किये जाने एवं दुकानों का सत्यापन कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि छापेमारी की कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए अवैध रूप से शराब बनाने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने सम्भागीय परिवहन अधिकारी को रात्रि में गाड़ियों की चेकिंग किये जाने तथा सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वालों, बिना डीएल के गाड़ी चलाने वालों और निर्धारित मानक से अधिक स्पीड से गाड़ी चलाने वाले ड्राईवरों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने एवं गाड़ियों के पीछे अनिवार्य रूप से रिफलेक्टर लगाये जाने को सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। क्रमिक वसूली के लक्ष्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने प्रवर्तन एवं आरसी वसूली की कार्यवाही में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर जांच करने एवं ऐसे वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। स्टाम्प एवं रजिस्टेज्षन के वसूली की प्रगति समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने मण्डलीय अधिकारियों को भ्रमण कर दस्तावेजों का निरीक्षण किये जाने का निर्देश दिया है। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने बड़े बकायेदारों से सम्पर्क स्थापित कर उनसे बकाये की धनराशि जमा किये जाने एवं आरसी की वसूली में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है।

मण्डलायुक्त ने सांसद निधि से कराये जाने वाले कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए स्वीकृत कार्यों को शत-प्रतिशत रूप से पूर्ण किये जाने का निर्देश सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिया है। सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने नहरों के शिल्ट सफाई का कार्य दिसम्बर माह तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किये जाने एवं कराये गये कार्यों का टीम बनाकर अनिवार्य रूप से सत्यापित कराये जाने का निर्देश दिया है, साथ ही साथ उन्होंने कराये गये कार्यों को पंचायत भवनों पर उल्लिखित किये जाने एवं जनप्रतिनिधियों को भी शिल्ट सफाई के कराये गये कार्यों की सूची उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि नहरों के संचालन के समय नहरों में टेल तक अनिवार्य रूप से पानी पहुंचे। पीडब्लूडी के कार्यों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने नई सड़कों के निर्माण कार्य एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत कराये जाने का निर्देश दिया है। प्रतापगढ़ एवं फतेहपुर में सड़कों के निर्माण कार्य की प्रगति खराब पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने अधीक्षण अभियंता को अनुश्रवण करते हुए कार्यों में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने मण्डल में सेतुओं के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समयसीमा के अन्तर्गत पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत ऐसे किसान जो कतिपय त्रुटियों के कारण योजना का लाभ नहीं पा रहे है, ऐसे किसानों के प्रपत्रों के संशोधन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश सभी मुख्य विकास अधिकारियों को दिया है। पषुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने प्रतापगढ़ एवं फतेहपुर में बन रहे वृहद गो-संरक्षण केन्द्रों को तत्काल पूर्ण कराते हुए गो-वंशों को संरक्षित किये जाने का निर्देश दिया है। साथ ही साथ उन्होंने टीकाकरण एवं सहभागिता योजना में भी तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। गो संरक्षण केन्द्रों पर चारे-पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने एवं ठण्डक से बचाव हेतु उचित इंतजाम किये जाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने मण्डल में अनुपस्थित चल रहे चिकित्सकों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कैम्प लगाकर परिवार नियोजन के तहत नसबंदी कार्यक्रम को कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए भी कहा है। उन्होंने नर्सिंग होमों के साथ कार्यशाला आयोजित कर परिवार नियोजन के कार्यक्रम के बारे में लोगो को जागरूक करने के लिए कहा है। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव के प्रगति की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। पंचायतीराज विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सामुदायिक शौचालयों एवं पंचायतभवनों के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने एवं मुख्य विकास अधिकारियों को सप्ताह में एक दिन इसके निर्माण की प्रगति की समीक्षा भी करते रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प योजना के तहत स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में कराये जाने वाले कार्यों को तेजी से पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि जो भी हैण्डपम्प रिबोर होने की स्थिति में है उनके रिबोर का कार्य तत्काल पूर्ण करा लिया जाये। अमृत योजना के तहत कराये जा रहे पाईप लाइन जलापूर्ति तथा सीवरेज के कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने मुख्य विकास अधिकारियों को इसका नियमित रूप से अनुश्रवण करते रहने का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय खाद्यय सुरक्षा योजना के तहत आधार सीडिंग के कार्यों में तेजी लाये जाने एवं शत-प्रतिशत रूप से सरकारी दुकानों का आवंटन सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए वृद्धा/विधवा पेंशन योजना एवं छात्रवृत्ति योजनाओं, शादी अनुदान योजना एवं कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को पारदर्शिता के साथ पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया है। बैठक में पोषण अभियान, वन विभाग, उद्योग विभाग, बेसिक शिक्षा, श्रम विभाग, खाद्यी ग्रामोद्योग, सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने लक्ष्य के सापेक्ष पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने मण्डल में चल रहे विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों से सम्बंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रयागराज भानु चन्द्र गोस्वामी, कौशाम्बी के जिलाधिकारी-अमित कुमार सिंह, फतेहपुर के जिलाधिकारी-संजीव सिंह, प्रतापगढ़ के जिलाधिकारी-डॉ0 रूपेश कुमार तथा सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारीगण, संयुक्त विकास आयुक्त, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या के अलावा सम्बंधित विभागों के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।



राजस्व वसूली एवं विकास कार्यों की प्रगति के सम्बंध में समीक्षा करते मण्डलायुक्त

### गुलदाउदी एवं कोलियस प्रदर्शनी का आयोजन 26 एवं 27 दिसम्बर को

प्रयागराज। अधीक्षक राजकीय उद्यान, चन्दशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज के बैण्ड स्टैण्ड उद्यान इकाई (गोल चक्कर) पर दिनांक 26 व 27 दिसम्बर, 2020 को फ्लोरीकल्चर को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गुलदाउदी व कोलियस की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति ह्यव्यक्तिगतह्य अथवा सरकारी/अर्धसरकारी/निजी संस्था प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर सकता है। प्रदर्शनी में लगने वाले प्रदर्श (गमलों) की कोई एंट्री फीस नहीं ली जायेगी। इच्छुक व्यक्ति अपने गमलों को दिनांक 25.12.2020 को एन्ट्रीफार्म भरकर, गेट नं0-06 (डा0 बजाज स्किन क्लीनिक के पास) से ला सकते हैं। एन्ट्री फार्म एवं नियमावली हेतु श्री निखिल यादव, व0उ0नि0 मो0 नं0-8115524502 से सम्पर्क करें। किसी प्रकार की अन्य जानकारी हेतु कार्यालय अधीक्षक राजकीय उद्यान चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज से सम्पर्क किया जा सकता है।

# सीएचसी से होगी कोरोना वैक्सीन की सप्लाई

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण से बचाव की वैक्सीन को लेकर स्वास्थ्य विभाग पुख्ता तैयारी कर रहा है। बेली हॉस्पिटल में बन रहे कोरोना वैक्सीन सेंटर से हर सीएचसी में वैक्सीन भेजने की तैयारी की जा रही है। इसका मकसद हर व्यक्ति को सुगमता से वैक्सीन मिल सके। हालांकि शासन से इस पर अभी अंतिम मुहर लगना बाकी है। जानकारों का मानना है कि सीएचसी से कोरोना वैक्सीन की आपूर्ति की जाती है तो दूरदराज के लोगों को भी इसका फायदा आसानी से मिल सकेगा। नोडल अफसर डॉ. ऋषि सहाय के अनुसार सीएचसी से ग्रामीण इलाकों के दूरदराज स्थानों में वैक्सीन की आपूर्ति करने के मसले पर विचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग हर उस मामले में गंभीरता से विचार कर रहा है जिससे आम लोगों को आसानी से फायदा हो। शासन की मंजूरी के बाद ही इस पर स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा।

# 44 नए कोरोना संक्रमित मिले, एक की मौत

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण की रफ्तार में उतार-चढ़ाव जारी है ।24 घंटे के अंतराल में 44 नए संक्रमित मिले हैं, जबकि एक मरीज की मौत संक्रमण के चलते हुई। फिलहाल मौत का आंकड़ा 353 पर है। उधर 22 लोगों ने कोरोना को हराया। इनमें से 8 को अलग-अलग अस्पताल से डिस्चार्ज किए गए, जबकि 14 का होम आइसोलेशन पूरा हुआ। स्वास्थ्य विभाग का जांच अभियान जारी रहा। 6009 लोगों का सैंपल विभाग की ओर से लिया गया । नोडल अफसर डॉ ऋषि सहाय ने कोरोना नियमों का पालन करने की सलाह दी है।




# कपड़ा कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज।** शिवकुट में गुरुवार की रात कपड़े की दुकान बंद कर घर जा रहे नीरज जायसवाल (28) को बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मार दी। नीरज को एसआरएन अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वसीम हत्याकांड का आरोपी नीरज फिलहाल जमानत पर था।

शिवकुटी थाना क्षेत्र के जोंधवल निवासी नीरज जायसवाल की शिवकुट में ही कपड़े की दुकान है। रात करीब साढ़े नौ बजे वह दुकान बंद करने के बाद अपने भाई धीरज के साथ बाइक से घर के लिए निकला था। दुकान से करीब एक किलोमीटर दूर शिवकुटी में ही बाइक सवार दो बदमाशों ने ओवरटेक कर उसकी बाइक रोक दी। जब तक वह कुछ समझ पाता, बाइक सवार एक बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। नीरज को तीन गोलियां मारी गईं। पेट और सीने में गोली लगने के बाद वह सड़क पर गिर पड़ा। इसके बाद असलहा लहराते हुए दोनों बदमाश भाग निकले। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस नीरज को एसआरएन लेकर पहुंची लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। नीरज के भाई धीरज ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश में उसके भाई को गोली मारी गई है। उसने दोनों हमलावरों को गोली मारते देखा है। दोनों आरोपी मेंहदौरी के रहने वाले हैं। पुलिस देर रात तक आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देती रही लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। डीआईजी सर्वश्रेष्ठद्द त्रिपाठी का कहना है कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। नीरज चार महीने पूर्व ही हत्या के मामले में जमानत पर छूटा था।



घटना के बाद पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करती हुई

# जनपदीय शिक्षक योग प्रतियोगिता में प्रवीण व रचना रहे अव्वल

### उत्तर प्रदेश टीचर्स गेम्स एसोसिएशन ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों को अपनी शुभकामनाएं दी

**प्रयागराज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज में आयोजित जनपद स्तरीय शिक्षक योगाभ्यास प्रतियोगिता में सभी विकास खण्डों से चयनित शिक्षक/शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें पुरुष वर्ग में मेजा के प्रवीण कुमार द्विवेदी को प्रथम स्थान, उरुवा के मनोज कुमार को द्वितीय स्थान तथा मेजा के ही गत सत्र में राज्य स्तरीय योगा प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले राजेश कुमार को इस वर्ष जनपदीय योगाभ्यास प्रतियोगिता में तृतीय स्थान मिला। वहीं महिला शिक्षकों में योगाभ्यास विधा में अग्रणी होलागढ़ ब्लॉक की रचना भटनागर को प्रथम स्थान, चाका की अंजली मौर्य को द्वितीय स्थान तथा सोरांव की श्वेता सेठी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जिले स्तर पर विजेता पुरुष व महिला शिक्षकों को विश्व योगा दिवस पर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में राज्य स्तर की योगा प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु भेजा जाता है। एस.सी.ई.आर.टी लखनऊ द्वारा संकुल स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के बच्चों एवं शिक्षकों की योगा प्रतियोगिता हर वर्ष योग के प्रति बेसिक शिक्षा विभाग में जागरूकता लाने के उद्देश्य के साथ आयोजित की जाती है। इस अवसर पर विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों को डायट प्राचार्य प्रयागराज,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुशवाहा तथा खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय अर्जुन सिंह द्वारा पुरस्कृत कर उन्हें शुभकामनाएं दी और राज्य स्तर पर चयनित मेजा ब्लॉक के शिक्षक प्रवीण द्विवेदी व होलागढ़ ब्लॉक के रचना भटनागर को आगामी प्रतियोगिता के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में उपस्थित बीईओ करछना संतोष श्रीवास्तव,बीईओ मेजा संजय कुमार सिंह,बीईओ उरुवा बलिराम,बीईओ होलागढ़ मनोज राय तथा समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने जनपदीय योगाभ्यास प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले समस्त शिक्षकों को बधाई दी। उत्तर प्रदेश टीचर्स गेम्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश सचिव आशुतोष सिंह, राष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी व अंतरराष्ट्रीय कोच/प्रदेश वालीबाल प्रभारी मुकेश शुक्ला, प्रदेश संयुक्त सचिव संजय कुमार वर्मा, प्रदेश क्रिकेट प्रभारी प्रीती तिवारी, मण्डल उपाध्यक्ष श्रद्धा श्रीवास्तव, मण्डलीय योगा प्रभारी रीता शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला व्यायाम शिक्षिका लक्ष्मी सोनकर, जिला सचिव अनिमेष श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, जिला योगा प्रभारी स्नेहलता तथा दीपिका सिंह,हसीन जहां,अंजू कुमारी आदि शिक्षकों व जिला समिति के समस्त पदाधिकारियों ने राज्य स्तर पर चयनित दोनों शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



शिक्षक योगाभ्यास प्रतियोगिता में भाग लेती शिक्षिकाएं



प्रवीण व रचना

# वैज्ञानिकों ने दी किसानों को सलाह

**प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से शुक्रवार को प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने कृषकों को सलाह दी है कि झुलसा रोग की रोकथाम के लिए प्रति हेक्टयर 2.0 किग्रा जिंक मैगनिज कार्बामेंट को एक हजार लीटर पानी में घोलकर 10 दिन के अन्तर पर दो बार छिड़काव करें। सल्फोसल्फ्यूरान का प्रयोग करने पर चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार व गेहूँसा, दोनों का नियंत्रण हो जाता है। जौ कि सिंचाई के बाद नाइट्रोजन की शेष आदि मात्रा यानी 30 किग्रा (66 किग्रा युरिया) प्रति हेक्टयर की दर से टाप ड्रेसिंग करे। गेहूँ के प्रति हेक्टयर 120 किग्रा नाइट्रोजन, 60 किग्रा फास्फेट व 40 किग्रा पोटाश की जरुरत होगी। बोआई के समय बलूआर दोमट भूमि में फास्फेट और पोटाश की समूची मात्रा के साथ 40 किग्रा नाइट्रोजन, जबकि भारी दोमट में 60 किग्रा नाइट्रोजन का प्रयोग करें। गेहूँसा या गेहूँ के मामा की रोकथाम के लिए प्रति हेक्टयर 75 प्रतिशत वाली आइसोप्रोट्यूरान 1.0 किग्रा या सल्फोसल्फ्यूरान 75 डब्लू.जी. की 33 ग्राम मात्रा 500-600ली.पानी में घोलकर पहली सिंचाई के बाद, परन्तु 30 दिन के अवस्था से पूर्व छिड़काव करना चाहिए। चना की बोआई के 45 से 60 दिन के बीच पहली सिचाई कर दें। रबी मक्का में प्रायः 4-6 सिंचाई की आवश्यकता पड़ती है। बरसीम की कटाई के बाद फिर से 20 किग्रा नाइट्रोजन (44 किग्रा यूरिया) प्रति हेक्टयर की दर से दूसरी टाप ड्रेंसिग करे और फिर उसके बाद सिंचाई कर दें। सब्जी मटर में बोआई के 25-30 दिन बाद सम्पूर्ण आवश्यक नाइट्रोजन की आधी मात्रा अर्थात 30 किग्रा नाइट्रोजन (66 किग्रा यूरिया) टाप ड्रेसिंग के रुप में देनी चाहिए।

# प्रयागराज मंडल में मनाया जा रहा ऊर्जा संरक्षण सप्ताह

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज मंडल मोहित चंद्रा के मार्ग निर्देशन में दिनांक 07.12.2020 से 14.12.2020 तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है । इसके अन्तर्गत रेल यात्रियों तथा रेल कर्मचारियों व उनके परिजनों को ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूक किया जा रहा है । विद्युत सामान्य विभाग द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाकर बिजली की बचत के विभिन्न तरीकों के बारे में लोगों को बैनर, पम्फलेट, स्टीकर तथा पोस्टरों के माध्यम से जागरुक किया जा रहा है । इसके अतिरिक्त रेलवे स्टेशनों पर उद्घोषणा के माध्यम से, आडियो क्लिप चलाकर एवं डिजिटल वाल पर विभिन्न जागरूकता वीडियो चला कर रेल यात्रियों को ऊर्जा बचत एवं उसके महत्ता के बारे में बताया जा रहा है । कोविड-19 के सुरक्षा निदेर्शों का अनुपालन करते हुये संगोष्ठी आयोजित की जा रही है एवं यात्रियों, कर्मचारियों तथा कालोनी वासियों से संवाद स्थापित किया जा रहा है । प्रयागराज मण्डल द्वारा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं, जिसके फलस्वरूप अबतक 3.608 मेगावाटपीक क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है । जिससे प्रतिवर्ष लगभग 33.85 लाख यूनिट हरित ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है । जो कि लगभग रू0 1.13 करोड़ रेल राजस्व कि बचत के साथ-साथ पर्यावरण में लगभग 2.70 किलोटन कार्बन उत्सर्जन कम करने में भी सहायक है । मण्डल के सभी रनिंग रूमों में 842 ऊर्जादक्ष इन्वर्टर युक्त वातानुकूलन संयंत्र लगाया गया है ।जिससे प्रतिवर्ष लगभग 12.95 लाख यूनिट बिजली एवं लगभग रू0 1.09 करोड़ रेल राजस्व की बचत हो रही है तथा लगभग 1.03 किलो टन कार्बन उत्सर्जन में कमी होने की सम्भावना है । बिजली विभाग के विशेष प्रयास से पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में अबतक 34 हजार लीटर डीजल की बचत की गई है ।मण्डल के सभी विद्युतीकृत रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों एवं रेल आवासों में ऊर्जादक्ष एलईडी फिटिंग्स लगायी जा चुकी है। जिससे प्रतिवर्ष लगभग 62.99 लाख यूनिट बिजली एवं लगभग रू0 5.34 करोड़ रेल राजस्व की बचत हो रही है तथा लगभग 5.03 किलोटन कार्बन उत्सर्जन में कमी होने की सम्भावना है । ऊर्जा बचत के लिए कार्यालयों के विभिन्न कक्षों में आकुपेन्सी सेन्सर लगाया जा रहा है । भविष्य में हरित ऊर्जा में बृद्धि करने के लिए रेलवे लाइनों के किनारे खाली पड़ी अनुपयुक्त भूमि में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना पर भी कार्य चल रहा है। रेलवे द्वारा मनाये जा रहे ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के दौरान पूरे मण्डल के विभिन्न स्थानों पर किये जा रहे ऊर्जा बचत जागरुकता अभियान चलाये जा रहे है ।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

# छाने लगा घना कोहरा, सावधानी पूर्वक चलाएं वाहन

**प्रयागराज।** प्रयागराज जनपद में ठंड तेजी से अग्रसर है। इसका असर भी नजर आने लगा है। वातावरण में सुबह देर तक कोहरा छाने लगा है। कोहरे के कारण हाथ को हाथ नहीं सूझ रहा है। ऐसे में बहुत ही सावधानी के साथ सड़कों पर वाहनों को चलाएं। क्योंकि घने कोहरे की वजह से सड़क हादसे भी शुरू हो गए हैं। सावधानी पूर्वक किए गए सफर से सड़क हादसों को कोहरे में किसी हद तक रोका जा सकता है।

हल्का कोहरा तो दिसंबर माह की शुरूआत से ही नजर आने लगा था। हालांकि पिछले दो दिनों से प्रयागराज के साथ ही प्रतापगढ़ और कौशांबी में भी घना कोहरा छाने लगा है। गुरुवार की रात और शुक्रवार की सुबह भी कोहरा देर तक वातावरण में छाया रहा। दोपहर में भी सूर्य की किरणें धूमिल ही रहीं। कोहरे का वर्चस्व शहर में तो रहा ही, लेकिन ग्रामीण इलाकों और हाईवे समेत सड़कों पर काफी घना रहा। कोहरे के कारण दो फुट की दूरी भी नहीं नजर आ रही।

कोहरे से बचने के लिए वाहन चालक लाइट ऑन कर सड़कों पर रेंगते हुए नजर आए। ऐसे में सड़क हादसे भी होने की पूरी संभावना रही। तनिक लापरवाही भी हादसे को आमंत्रित कर सकती है। इसका उदाहरण भी दिखा। कौशांबी जनपद के कोखराज थाना क्षेत्र स्थित मूरतगंज में गुरुवार की रात में कोहरे के कारण हाईवे किनारे खड़ी कार से अन्य वाहन टकरा गया। इसके बाद उसके पीछे आ रहे कई वाहन भी एक-दूसरे से टकरा गए। इसमें दंपती जख्मी भी हुए। इसलिए हमें और आपको कोहरे में वाहनों को चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।



# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

प्रयागराज शनिवार, 12 दिसम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### बैठक 18 दिसम्बर को

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी ने बताया है कि सांसद विनोद सोनकर की अध्यक्षता में दिनांक 18 दिसम्बर को दोपहर कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आहूत की गयी है।

### संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 13 दिसम्बर को

**कौशाम्बी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01.01.2021 के आधार पर अर्ह छूटे हुए मतदाताओं का नाम जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों में शामिल किये जाने हेतु दिनांक 13.12.2020 को विशेष अभियान चलाया जायेगा। उक्त विशेष अभियान दिवस पर सभी बूथ लेबिल अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

## बीडीओ ने विकास कार्यो की खंगाली हकीकत पारदर्शिता के साथ कार्य कराने का निर्देश

### सांगीपुर विकासखण्ड के आधा दर्जन ग्राम पंचायतो मे विकास कार्यो का लिया जायजा

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखण्ड की बीडीओ समा सिंह ने आधा दर्जन ग्राम पंचायतो मे पहुंचकर विकास कार्यो का निरीक्षण करते हुए गुणवत्तापरक व पारदर्शिता के साथ कार्य संपादित कराने का निर्देश दिया। शुक्रवार को खण्ड विकास अधिकारी समा सिंह कुम्भीडीहा, रेहुआ लालगंज, अठेहा, मंगापुर आदि ग्राम पंचायतो मे निमार्णाधीन पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, मनरेगा कार्य समेत अन्य विकास कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होनें विकास कार्यो की गुणवत्ता परखी और निर्धारित समय के भीतर विकास कार्यो को पूरा करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कर्मचारियो व ग्राम पंचायत सचिवो से कहा कि शासन की संचालित योजनाओ को ग्राम पंचायत स्तर पर मानक के अनुरूप पूरा कराना सभी की



निमार्णाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण करती बीडीओ समा सिंह

जिम्मेदारी है। इसमे लापरवाही मिली तो सम्बन्धित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अफसरो को पत्र लिखा जाएगा। उन्होनें रेहुआ लालगंज मे संचालित योजनाओं की हकीकत देखने के बाद ग्राम प्रधान व सचिव की सराहना की। इस मौके पर एडीओ कॉपरेटिव रामविलास, अवर अभियंता शुभम तिवारी, ग्राम प्रधान जन्मेजय सिंह, संदीप यादव, महेन्द्र प्रताप सिंह, मुस्ताक अहमद समेत ग्राम पंचायत के सचिव मौजूद रहे।

## एक दिन में 50 क्विंटल ही धान ही बेच सकेंगे किसान

**प्रतापगढ़।** अब एक दिन में किसान क्रय केन्द्र पर 50 क्विंटल ही धान ही बेच सकेंगे। इससे अधिक धान बेचने के लिए किसान को प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। सम्बंधित किसान के अभिलेखों का सत्यापन करने के बाद ही धान की तौल कराने की अनुमति दी जाएगी।धान खरीद में पारदर्शिता लाने व छोटे किसानों को सहूलियत देने के लिए शासन की ओर से समय-समय पर नियमों में संशोधन किए जाते हैं। इस बार निर्देश दिया गया है कि अब एक दिन में एक किसान से 50 क्विंटल धान ही खरीदा जाएगा। दरअसल, क्रय केन्द्रों पर धान बेचने के लिए किसानों की भीड़ जुटने लगी है। ऐसे में बड़े किसान एक साथ सैकड़ों क्विंटल धान की तौल कराने लगते हैं। इससे छोटे किसानों को लम्बा इंतजार करना पड़ जाता है। दूसरी ओर बिचैलिए किसानों का धान कम दाम में खरीदकर एक साथ सैकड़ों क्विंटल लेकर बेचने आ जाते हैं। इससे भी किसानों को नुकसान होता है।

## सात माह बाद लिखाई उत्पीड़न की रिपोर्ट



पीडित महिला

**प्रतापगढ़।** बाइक और एक लाख रुपये नकद न मिलने पर ससुरालवालों ने महिला को पीटकर घर से निकाल दिया। उसकी तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, देवर, ननद समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।महेशगंज थाना क्षेत्र के मियां का पुरवा मसवन निवासी छोटेलाल पाल की पुत्र मंजू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी मनोज कुमार पाल पुत्र सालिकराम पाल निवासी गुलाम चिश्ती कुंडा के साथ 24 अप्रैल 2015 को हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालवाले एक लाख रुपये नकद व बाइक की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं कर पाने पर 8 मई 2020 को उसे मारापीटा। गालीगलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भगा दिया। वह मायके में रहकर पति का इंतजार करती रही, लेकिन बगैर नकदी व बाइक के उसे ले जाने को ससुरालवाले तैयार नहीं हुए। आखिर में उसकी शिकायत पर पुलिस ने पति मनोज कुमार, सास सुशीला देवी, देवर धीरेन्द्र कुमार, ननद अंजू पाल, मंजू पाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

## स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही देखने को मिल रही है चायल पीएचसी में

**कौशांबी।** चायल तहसील के पीएचसी में स्वास्थ्य विभाग की काफी लापरवाही देखने को मिल रही है कर्मचारी तो कर्मचारी डॉक्टर भी काफी लापरवाह दिख रहे हैं समय का तनिक भी इनको ध्यान नहीं रहता है अपने मनमाने तरीके से यह स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल आते हैं यहां के कर्मचारी व डॉक्टर मरीजों के साथ काफी अभद्रता से पेश आते हैं यहां के कर्मचारी व डॉक्टर उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निदेर्शों के विपरीत कार्य करना चाहते हैं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार स्वास्थ्य विभाग पर काफी पैसा खर्चा करती हैं पर इन जैसे डॉक्टर व कर्मचारियों की वजह से सरकार की छवि खराब होती है दूर-दूर से मरीज इस अस्पताल में आते हैं और यहां पर डॉक्टर नहीं मिलते हैं और कर्मचारियों से पूछने पर वह अभद्र तरीके से पेश आते हैं जिससे सरकार की मंशा के अनुसार मरीजों को यहां इलाज नहीं मिल रहा है इस अस्पताल की जांच कराए जाने और लापरवाह कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग जनता ने की है।




अस्पताल में चिकित्सक का खाली पड़ा कक्ष का दृश्य

**समय का पालन नहीं करते हैं डॉक्टर व कर्मचारी जब मन चाहा तब आते हैं डॉक्टर व कर्मचारी**

## साइकिल सवार को कन्टेनर ने रौंदा, हालत नाजुक

**दुर्घटना कर भाग रहे कंटेनर को उसके चालक सहित पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मलाक भायल के पास एक वृद्ध को कांटेदार ने रौंद दिया है जिससे वृद्ध की हालत गंभीर है इलाज के लिए वृद्ध को अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना पाकर मौके पर कोखराज पुलिस पहुंच गई है दुर्घटना कर भाग रहे कंटेनर को उसके चालक सहित पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम ककोढा निवासी भिल्ला सरोज उम्र 58 वर्ष पुत्र स्वा अधारी सरोज कहीं जा रहा था कि अचानक मलाक भायल के पास उसे एक कन्टेनर



घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़ और मौके पर पड़ा घायल

ने रौंद दिया है जिससे उसका एक पैर कट कर अलग हो गया ।108 नम्बर एम्बुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में घायल को भर्ती करा दिया गया है जहा हालत गम्भीर होने से उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया जबकि भाग रहे कन्टेनर को ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने पकड़ लिया मौके पर पुलिस ने पहुंच कर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

## विद्यालय प्रबंध तंत्र की बैठक संपन्न

**कल्यानपुर कौशांबी।** विकास खंड सिराथू के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय अहिरारा में 2020-21 के शिक्षण कार्यों को लेकर विद्यालय प्रबंध समिति का गठन दिनांक 10 दिसंबर को किया गया।जिसमें बच्चो के अभिभावक, लेखपाल ए एन एम मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंध समिति में मनोज कुमार पाण्डेय को अध्यक्ष रामप्यारी को उपाध्यक्ष एवम् कमला देवी आदि को सदस्य मनोनीत किया गया। कमलेश कुमार सचिव प्रधानाध्यापक ने सभी आए हुए अभिभावकों से कहा कि पठन पाठन या अन्य किसी भी प्रकार की समस्या बच्चो के प्रति हो तो तुरंत अवगत कराए उसका समाधान त्वरित किया जाएगा संचालक ज्ञानेश द्विवेदी सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय अहिरारा ने किया।अंत में सभी आए हुए अभिभावकों का प्रधानाध्यापक ने आभार व्यक्त किया।

## सरकारी चलचित्र की भूमि को प्लाट बनाकर माफियाओं ने बेचा

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कस्बों में मनोरंजन की दृष्टि से चलचित्र सिनेमा हॉल का निर्माण चार दशक पूर्व कराया था कुप्रबंधन के चलते चलचित्र सिनेमा हॉल बंद हो गए और चलचित्र की जमीन पर विभागीय लोगों के साथ-साथ कुछ भू माफियाओं की नजर लग गई कई वर्षों के प्रयास के बाद अंततः चलचित्र की जमीन के अभिलेखों में हेराफेरी कर जमीन को कब्जा करने में भूमाफियाओं का रैकेट सफल हो गया चलचित्र सिनेमा हॉल की भूमि पर जिन माफियाओं की नजर लग गई थी देखते देखते भरवारी कस्बे में स्थित चलचित्र सिनेमा हॉल की भूमि के अभिलेखों में हेराफेरी कर लोगों के बीच चलचित्र सिनेमा हॉल के नीलामी की बात प्रचारित कर चलचित्र सिनेमा हॉल के भवन और उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया गया और इस जमीन को प्लाट बनाकर माफियाओं ने बेच लिया। जबकि सूत्र बताते है कि चलचित्र के भूमि बेचने के लिए विभाग ने किसी प्रकार की अनुमति नहीं दी है चलचित्र सिनेमा हॉल की भूमि को बेचने के लिए किसी भी सरकार द्वारा तीन दशक से किसी प्रकार का पत्र नही जारी किया गया है राजस्व अभिलेखों में चलचित्र की भूमि की नीलामी नहीं की गई है माफियाओं के इस खेल की योगी सरकार ने यदि जांच कराई तो इस हेराफेरी गोरखधंधे में कई सफेदपोश का नाम सामने उजागर होगा और सरकारी भूमि पर हेराफेरी कर घर बनाए जाने का लोगों का सपना चकनाचूर होगा। कुछ लोगों ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को पत्र भेजकर चलचित्र के विक्रय किए जाने के अभिलेखों की जांच कराए जाने और उस पर हेराफेरी कर चलचित्र के भूमि और भवन विक्रय किए जाने के मामले की और सरकारी भूमि पर आम जनता द्वारा आलीशान भवन बनाए जाने वाले लोगों को चिन्हित करने की मांग करते हुए दोषियों पर कठोर कार्यवाही किए जाने के लिए पत्र लिखा है चलचित्र सिनेमा हॉल की भूमि को पुनः चलचित्र सिनेमा हॉल के नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज किए जाने की मांग की भी मांग की गई है चलचित्र सिनेमा हॉल विक्रय किए जाने के इस मामले में बड़े स्तर पर अभिलेखों में हेराफेरी हुई है लेकिन यदि शासन ने इस प्रकरण पर जांच कराई तो भरवारी क्षेत्र के कुछ भूमाफिया के साथ-साथ सिनेमा हॉल से जुड़े कुछ अधिकारी भी इस जांच के दायरे में झूलस सकते है।

## स्कूली बच्चों की जिंदगी से खेल रहा विद्युत विभाग

**सिराथू विधायक के साथ साथ अधिकारियों ने भी ट्रांसफार्मर हटवाने को कहा लेकिन विद्युत अधिकारियों के ठेंगे पर है माननीयों का आदेश**

**कल्यानपुर कौशांबी।** विद्युत विभाग के अधिकारी स्कूली बच्चों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं लापरवाह विधुत अधिकारियों ने प्राथमिक विद्यालय परिसर अहिरारा में विद्युत ट्रांसफार्मर लगा दिया है जिससे विद्यालय में विद्युत करंट से हादसे होने की संभावना बराबर बनी रहती है कई बार स्कूल के अध्यापकों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से विद्यालय परिसर से ट्रांसफार्मर हटवाने के लिए कहा लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी इस कदर लापरवाह बने हुए हैं कि उन्हें विद्यालय से ट्रांसफार्मर को हटाने की फुर्सत नहीं मिली है अब सवाल उठता है कि सरकारी स्कूल के अंदर ट्रांसफार्मर लगाने की



विद्यालय परिसर में लगे ट्रांसफार्मर का दृश्य

अनुमति विद्युत विभाग के अधिकारियों के किसने दी है इस सवाल के जवाब पर विद्युत विभाग के अधिकारी की जुबान में ताला लग जाता है।

गौरतलब है कि सिराथू ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अहिरारा के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है यह ट्रांसफॉर्मर मौत को दावत दे रहा है। बच्चो के खेलने के स्थान पर 11000 वोल्ट की लाइन गई है तथा प्रांगण के अंदर ट्रांसफार्मर लगा हुआ है कई बार सिराथू विधायक शीतला प्रसाद ने भी विधुत एक्सियन से कई बार फोन पर बात कर ट्रांसफार्मर हटाने को कहा लेकिन विधुत अधिकारियों का रवैया अभी तक ठीक नहीं है आज कर देंगे कल कर देंगे लेकिन आज तक पोल सहित ट्रांसफार्मर नहीं हटा।

ग्राम प्रधान अहिरारा ने भी तहसील दिवस में लिखित प्रार्थना पत्र दिया लेकिन अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंगी यह अधिकारी न तो विधायक की सुनते है और न ही किसी प्रशासनिक अधिकारी की बातों को सुनते हैं विधुत विभाग की लापरवाही से किसी दिन कोई बड़ी घटना घट सकती है चुकीं ट्रांसफार्मर से कभी कभी चिंगारी भी निकलने लगती है और बच्चे उसी प्रांगण में खेलते है। ग्रामीणों ने कलेक्टर का ध्यान उपरोक्त विद्यालय में लगा हुआ ट्रांसफार्मर की ओर आकृष्ट कराते हुए कहा है कि इससे पहले कोई अप्रिय घटना न होने पाएं।पोल सहित ट्रांसफार्मर अविलंब विद्यालय परिसर से हटाया जाए।

## गेस्ट हाउस से मोबाइल चोरी

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के एक गेस्ट हाउस में रुके बारातियों का रात में पर्स गायब कर दिया गया है पर्स में नगद रुपए और मोबाइल था खाली पर्स सुबह बाथरूम में मिला है लेकिन रुपए और मोबाइल नहीं मिल सके हैं मामले की सूचना सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू चौकी पुलिस को पीड़ित ने दी है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के घटाईया बम्हरौली से सिराथू के लक्ष्मी गेस्ट हाउस में 10 दिसंबर को बारात गयी थी भोर में एक कमरे से युवती का किसी ने पर्स सहित मोबाइल गायब कर दिया युवती के पर्स में एक मोबाइल विवो जेड 1प्रो क्टएक 8681116047802934 और एक नोकिया का छोटा सेट्र 2500 रुपए नगद मौजूद था युवती को जब पर्स गायब होने की जानकारी हुई तो पर्स ढूंढने पर बाथरूम में खाली पर्स मिला है पर्स से नगद रुपए और मोबाइल गायब था मोबाइल और नगद रुपए गायब होने की सूचना चौकी सिराथू पुलिस को पीड़ित ने लिखित दे दी है।

## तिल्हापुर मोड़ चौराहे पर लगता है ट्रक व ट्रैक्टर का भीषण जाम

**पिपरी थाना पुलिस जाम हटाने का नही करती प्रयास घंटों जाम मे फंसते है सैकड़ो लोग**

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ चौराहे पर बीच सड़क पर प्राइवेट बस विक्रम टेंपो को खड़े कर वाहन चालकों द्वारा सवारियां भरी जाने से इस चौराहे पर प्रतिदिन भीषण जाम लगता है इसी चौराहे से बालू घाट से बालू लदे ट्रक और ट्रैक्टर भी निकलते हैं जिससे ट्रक और ट्रैक्टर भी जाम में फस जाते हैं चौराहे पर लगने वाले जाम से आम जनता परेशान है और घंटो आम जनता को जाम में फंसे रहना पड़ता है लेकिन पिपरी पुलिस चौराहे पर विक्रम टेंपो बस खड़ी कर सवारियां भरने वाले चालकों पर कठोर कार्यवाही नहीं करती है जिससे आम जनता परेशान है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ चौराहे पर बालू लदे ट्रैक्टर ट्रक एवं डम्फर से घंटो जाम लगता है इस जाम लगने से लोगों को आवागमन मे कठिनाई होती है जब कि चन्द कदमो पर थाना है लेकिन थाना के एक भी सिपाही चौराहे पर मौजूद नहीं रहते और



तिल्हापुर मोड़ चौराहे पर लगा भीषण जाम का दृश्य

जो सिपाही चौराहे पर मौजूद भी रहते हैं वह विक्रम टेंपो चालकों के साथ बैठकर चाय पीते देखे जाते हैं चर्चा है कि विक्रम टेंपो से पिपरी पुलिस के सिपाही महीना वसूल रहे है जिसके चलते विक्रम टेंपो और प्राइवेट बसों पर पिपरी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है यदि बीच सड़क से इन प्राइवेट वाहनों के सवारियां भरने पर रोक लगा दी जाए तो जाम से पूरी तरह निजात मिल सकती है।



बूथ स्तरीय मिटिंग में पहुंचे सांसद संगम लाल गुप्ता।

## बूथ स्तरीय मीटिंग का हुआ आयोजन

**प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम सभा कोठार मंगोलपुर में सांसद संगमलाल गुप्ता के आगमन के साथ बूथ स्तरीय मीटिंग का आयोजन कल गुरूवार को देर शाम तक आयोजित किया गया।जिसमें नये वोटरों का नाम बढ़ना व मृतक का नाम कटना ये बिन्दु मुख्य रूप से है।वोटरलिस्ट में जल्द से जल्द अंकित करवाने की बात कही गई है।साथ ही गांव की वर्षों से चली आ रही समस्या को भी सुना।जिसमें मुख्यतः प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र कोठार मंगोलपुर मे कई सालों से जर्जर अवस्था में है। पुन रू निर्माण और गांव में सम्पूर्ण विद्युतीकरण का भी आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने सांसद संगमलाल गुप्ता से मांग पत्र में कोठार नहर से सगरा नहर पर काली सडक की माग,यात्री प्रतिक्षालय, हाई मास्ट लाइट, रमाशंकर दुबे के इलाज हेतु सम्पूर्ण धनराशि की ग्रामीणो ने माग किया।

## साढ़े नौ किलो गांजा व डेढ़ लाख रुपये समेत गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** स्वाट टीम व अंतू पुलिस ने गांजा तस्करी में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके पास साढ़े नौ किलो गांजा व करीब डेढ़ लाख रुपये बरामद हुए।स्वाट टीम की सूचना पर अंतू पुलिस ने गुरुवार रात बझान पेट्रोल पंप के पास से एक संदिग्ध को पकड़ लिया। तलाशी ली गई तो उसके पास 9.5 किलो गांजा मिला। 1 लाख 33 हजार 468 रुपये भी बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम विनोद कुमार सिंह निवासी गौराडांड़ थाना अंतू बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर शुक्रवार को उसे जेल भेजा। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपित गांजा तस्करी में लिप्त था। बरामद रुपये गांजा बिक्री के ही थे।

## बर्फीली हवा से और लुढ़का पारा, बढ़ी मुश्किल

**प्रतापगढ़।** पहाड़ों से आ रही बफीर्ली हवा से ठंड बढ़ रही है। इससे रात व दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते दिखे। कोहरे की वजह से यातायात भी प्रभावित हुआ है।बीते दो दिन से पुरवा हवा बनी हुई है। मौजूदा समय में पहाड़ों पर बर्फबारी हो रही है। इसी वजह से मैदानी इलाके में आ रही सर्द हवा ठंड को तेजी से बढ़ा रही हैं। कोहरा भी ठंड में मुश्किल बढ़ा रहा है। गुरुवार शाम से ही घना कोहरा देखने को मिला। शुक्रवार सुबह नौ बजे तक घना कोहरा छाया रहा। इससे यातायात प्रभावित हुआ। हाईवे पर गुजरने वाले वाहन रेंगते रहे। भारी व हल्के वाहन घने कोहरे की वजह से



ठंठ से ढुढरे अलाव का सहारा लेते लोग

रात में जहां-तहां खड़े कर दिए गए। आलम यह था कि रात दस बजे से सुबह तक दूर तो छोड़िए नजदीक भी नहीं दिख रहा था। ऐसे में दुर्घटना से बचने के लिए अधिकतर वाहन सड़क किनारे खड़े रहे। कोहरे के बीच चल रही सर्द हवा लोगों को कंपा रही थी। बाहर निकले लोग और शहर में बस स्टेशन व रेलवे स्टेशन के करीब फंसे लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लिए दिखे। सर्द हवा से अधिकतम तापमान में दो डिग्री और रात के तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई है। सनई अनुसंधान केंद्र के मौसम विशेषज्ञ देशराज मीना ने बताया कि पहाड़ों पर बर्फबारी तेज हो रही है। सर्द हवा का असर मैदानी इलाके तक पहुंचने से पारे में गिरावट हो रही है। तेज बर्फबारी होने से आगे के दिनों में भी कड़ाके की ठंड पड़ेगी।